Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 12 नवंबर, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-12-november-2020

स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण

12 नवंबर, 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के परिसर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामी विवेकानंद की एक आदम-कद प्रतिमा का अनावरण किया जाना है । विवेकानंद जी युवाओं के लिये प्रेरणा के स्रोत हैं क्योंकि उन्होंने भारत के सौहार्द, शांति, स्वतंत्रता और विकास के संदेश के साथ युवाओं को हमेशा उत्साहित किया। स्वामी विवेकानंद ने हमेशा भारतीय नागरिकों को भारतीय संस्कृति, सभ्यता और इसकी औद्योगिक भावना पर गर्व करने के लिये प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद के आदर्श वर्तमान समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं; जितने स्वामी विवेकानंद के जीवनकाल में थे। स्वामी विवेकानंद के अनुसार, जनता की सेवा करने के साथ-साथ राष्ट्र के युवाओं को सशक्त बनाने से देश मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से मज़बूत होगा और राष्ट्र की वैश्विक छवि को बढ़ाएगा।

रस्किन बॉन्ड टाटा लिटरेचर लाइव लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

रस्किन बॉन्ड अंग्रेजी भाषा के एक विश्वप्रसिद्ध भारतीय लेखक हैं। इन्हें 21 नवंबर को 2020 को “टाटा लिटरेचर लाइव लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड” से सम्मानित किया जाएगा। अपने सभी लेखनों के माध्यम से प्रकृति प्रेम दर्शाने वाले रस्किन बॉन्ड को भारत का पहला साहित्यिक 'इको-वारियर्स' कहा जाता है। उनकी कहानियाँ भारत और प्रकृति दोनों के साथ उनके गहरे संबंध को दर्शाती हैं। रस्किन बॉन्ड अब तक लगभग 100 किताबें लिख चुके हैं । उनकी कहानियों में बच्चों के सपने, उनकी इच्छाओं का ज़िक्र तो होता ही हैं, बच्चों के संघर्ष की कहानियाँ भी होती हैं। **रस्किन बॉन्ड** का जन्म ब्रिटिश भारत के कसौली में 19 मई 1934 को हुआ था और वह ब्रिटिश मूल के हैं किंतु स्वतंत्रता के पश्चात उन्होंने भारत में रहना तय किया। वर्ष 1999 में भारत सरकार ने उन्हें साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदानों के लिये पद्म श्री से तथा वर्ष 2014 में पद्म भूषण से सम्मानित किया।

प्रसिद्ध पुस्तकें

- द नाइट ट्रेन एट देवली'(The Night Train at Deoli)
- ‘टाइम स्टॉप्स इन शामली'(Time Stops At Shamli),
- ‘एक चेहरा अंधेरे में और अन्य अड्डा’ (A Face in the Dark and other Hauntings’)
- ‘एक मौसम का भूत’ (A Season of Ghosts),
- ‘राज से भूत की कहानियां’ (Ghost Stories from the Raj)

टाटा लिटरेचर लाइव लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड के पिछले प्राप्तकर्त्ता:

- शांता गोखले
- सर मार्क टली
- गिरीश कर्नाड
- अमिताव घोष
- किरण नागरकर
- एमटी वासुदेवन नायर
- खुशवंत सिंह
- सर वीएस नायपॉल
- महाश्वेता देवी

चीन द्वारा 6G उपग्रह की लॉन्चिंग

चीन ने प्रौद्योगिकी का परीक्षण करने के लिये अंतरिक्ष की दुनिया में पहला 6G उपग्रह लॉन्च किया है जो कि 5G से लगभग 100 गुना अधिक तेज़ हो सकता है। चीन के शांक्सी प्रांत में स्थित ताइयूआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्च 12 अन्य उपग्रहों के साथ इसने कक्षा में प्रवेश किया है। इस उपग्रह के सफलतापूर्वक लॉन्च होने के बाद इंटरनेट की स्पीड 5जी की तुलना में कई गुना अधिक तेज़ी से डेटा-ट्रांसमिशन प्राप्त करने के लिये उच्च आवृत्ति वालें तरंगों को शामिल किया गया है। चीनी मीडिया के अनुसार यह उपग्रह में प्रौद्योगिकी आधारित भी है जो फसल आपदा निगरानी और जंगल की आग की रोकथाम के लिये खासा उपयोगी सिद्ध होगा।